इसे वेबसाईट **www.govtpressmp.nic.in** से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 31] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 2 अगस्त 2013—श्रावण 11, शक 1935

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं.
(2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुर:स्थापित विधेयक,
(ख)(1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम,
(3) संसद् के अधिनियम,
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 16 जुलाई 2013

क्र. ई-5-709-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्रीमती सीमा शर्मा, आयएएस., सचिव, मध्यप्रदेश शासन, गृह विभाग द्वारा दिनांक 26 अगस्त से 13 सितम्बर 2013 तक उन्नीस दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 25 अगस्त एवं 14, 15 सितम्बर 2013 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्रीमती सीमा शर्मा को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक, स्थानापन्न सचिव, मध्यप्रदेश शासन, गृह विभाग के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्रीमती सीमा शर्मा को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती सीमा शर्मा, अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करती रहतीं.

भोपाल, दिनांक 17 जुलाई 2013

क्र. ई-1-208-2013-5-एक.—श्री गुलशन बामरा, भाप्रसे (1997), आयुक्त-सह-संचालक, नगर एवं ग्राम निवेश, मध्यप्रदेश को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ, आगामी आदेश तक, सचिव, मुख्यमंत्री का प्रभार अतिरिक्त रूप से सौंपा जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. परशुराम, मुख्य सचिव.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2013.

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 18 अक्टूबर 2012

क्र. डी-15-28-2006-चौदह-3.—मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 (क्र. 24 सन् 1973) की धारा 19 की उपधारा (1) में प्रदत्त शक्तियों को उपयोग में लाते हुये, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, निम्नलिखित मण्डी समिति के मण्डी क्षेत्र में भी अधिसूचित फलों एवं सब्जियों पर कीमत के प्रत्येक एक सौ रुपये पर दो रुपये की दर से मण्डी फीस अधिरोपित करती है :—

क्रमांक	मण्डी समिति का नाम	जिला
1	गंजबासौदा	विदिशा

(2) परन्तु यह भी कि उक्त पैरा क्रमांक-1 में विनिर्दिष्ट मण्डी फीस के स्थान पर केवल संतरे एवं केले के लिये मण्डी फीस प्रत्येक एक सौ रुपये पर एक रुपये की दर से अधिरोपित की जाती है.

(3) यह अधिसूचना "मध्यप्रदेश राजपत्र" में प्रकाशन के दिनांक से प्रवृत्त होगी.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
हेमराज सिंह, अवर सचिव.

भोपाल, दिनांक 18 अक्टूबर 2012

पृ. क्र. डी-15-28-2006-चौदह-3.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 18 अक्टूबर 2012 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
हेमराज सिंह, अवर सचिव.

Bhopal, the 18th October 2012

No. D-15-28-2006-XIV-3.—In exercise of Powers conferred under sub-section (1) of Section 19 of Madhya Pradesh Krishi Upaj Mandi Adhiniyam, 1972 (No. 24 of 1973), the State Government hereby levies market fee at the rate of two rupees for every one hundred rupees of the price on fruits and vegetables in the market area of the following market committees :—

S. No.	Name of the market Committee	District
1	Ganjbasoda	Vidisha

(2) Notwithstanding what is stated in Para (1) the levy of market fee in the case of only oranges and bananas shall be at the rate of rupee one for every one hundred rupee of the price.

(3) This notification shall come into force with effect from the date of publication in the "Madhya Pradesh Gazette".

By order and in the name of the Governor of
Madhya Pradesh,
HEMRAJ SINGH, Under Secy.

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 9 जुलाई 2013

क्र. एफ. 5-4-2012-उन्तीस-दो.—उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 (1986 की सं. 68) की धारा 10 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन चयन समिति की सिफारिश पर श्रीमती प्रतिभा शर्मा को जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम, नरसिंहपुर में उनके पदभार ग्रहण करने की तारीख से सदस्य नियुक्त करता है.

(2) जिला उपभोक्ता फोरम के सदस्य प्रत्येक कार्य दिवस पर पूर्वाह्न 10.30 बजे से अपराह्न 4.00 बजे तक जिला उपभोक्ता फोरम में उपस्थित रहेंगी. उन्हें यह भी निर्देशित किया जाता है कि वे बिना उपयुक्त कारण के फोरम की बैठक में तीन बार अनुपस्थित रहती हैं तो उन्हें पद से हटाने की कार्यवाही की जावेगी. सदस्य को केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेना अनिवार्य होगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
बी. के. चन्देल, उपसचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 23 जुलाई 2013

फा. क्र. 3(ए)20-2000-इक्कीस-ब(एक).—राज्य शासन, एतद्द्वारा, रिट पिटीशन क्रमांक 6532-2000, (जी. एस. ठाकुर विरुद्ध मध्यप्रदेश राज्य एवं अन्य) में माननीय उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर द्वारा पारित आदेश दिनांक 18 नवम्बर 2011 एवं एस. एल. पी. (सी) 18537-2012 में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 10 जुलाई 2012 के पालन में तथा मंत्रि-परिषद् बैठक दिनांक 16 जुलाई 2013 में लिए गए निर्णय के अनुसरण में श्री जी. एस. ठाकुर, सेवानिवृत्त, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश को उनके द्वारा अधिवार्षिकी आयु प्राप्त करने के दिनांक तक के सेवा के समस्त लाभ (वेतन के एरियर, वेतन निर्धारण, वेतन पुनरीक्षण आदि) तथा अधिवार्षिकी प्राप्त करने के दिनांक के बाद से समस्त परिणामी लाभ यथा पेंशन व सेवानिवृत्ति उपरान्त के समस्त लाभ प्रदान किए जाने हेतु दिनांक 1 अप्रैल 2004 से 30 नवम्बर 2007 की अवधि के लिए श्री जी. एस. ठाकुर को जिला जज (चयन ग्रेड स्तर) प्रदान करने के लिये उक्त अवधि हेतु जिला जज (चयन ग्रेड स्तर) का एक सांख्येत्तर (Supernumerary Post) पद सृजित करता है.

उक्त संबंध में होने वाला व्यय मांग संख्या 29-2014-न्याय प्रशासन (105) सिविल और सत्र न्यायालय (4497) सामान्य स्थापना-11-वेतन भत्ते आदि आयोजनेत्तर मद के अन्तर्गत विकलनीय होगा.

यह स्वीकृति आदेश वित्त विभाग के यू. ओ. क्र. 564-634-ब-8-चार-13, दिनांक 14 मई 2013 के संदर्भ में जारी किया गया है.

भोपाल, दिनांक 25 जुलाई 2013

फा. क्र. 4-ए-2002-इक्कीस-ब(एक).—राज्य शासन, उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर की अनुशंसा के अनुसार श्रीमती शशिकिरण दुबे, प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, जबलपुर को दिनांक 31 जुलाई 2013 को उनकी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण करने पर सेवानिवृत्ति होने के पश्चात् उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से एक वर्ष की अवधि के लिये कुटुम्ब न्यायालय में अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करता है.

श्रीमती शशिकिरण दुबे को देय, वेतन तथा भत्ते का निर्धारण मध्यप्रदेश कुटुम्ब न्यायालय नियम, 2002 के नियम 3(4) के अन्तर्गत होगा.

फा. क्र. 17(ई)83-03-इक्कीस-ब (एक)-3119-2013.—विद्युत् अधिनियम, 2003 (2003 का 36) की धारा 153 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की सहमति से एतद्द्वारा, इस विभाग की अधिसूचना एफ क्र. 17(ई)-83-03-इक्कीस-ब(1), दिनांक 16 सितम्बर 2010 में, जो मध्यप्रदेश राजपत्र भाग-1 में दिनांक 24 सितम्बर 2010 को प्रकाशित हुई थी, निम्नलिखित संशोधन करता है, अर्थात् :—

संशोधन

उक्त अधिसूचना में, सारणी में, अनुक्रमांक 24 एवं 62 तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित अनुक्रमांक तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियां स्थापित की जाएं, अर्थात् :—

सारणी

क्रमांक	सिविल जिले का नाम	विशेष न्यायालय का नाम	विशेष न्यायालय के न्यायाधीश का नाम
(1)	(2)	(3)	(4)
"24.	दतिया	प्रथम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, दतिया	श्री जितेन्द्र कुमार शर्मा, प्रथम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, दतिया.
62	मुरैना	अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, सबलगढ़	श्री विवेक कुमार गुप्ता, अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, सबलगढ़ मुरैना."

F. No. 17(E)83-03-XXI-B(One)-3119-2013.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of Section 153 of the Electricity Act, 2003 (No. 36 of 2003) the State Government, with the concurrence of the High Court of Madhya Pradesh, hereby makes the following amendment's in this depratment's Notification F. No. 17 (E) 83-03-XXI-B(1), dated 16th September 2010, which was published in the Madhya pradesh Gazette, Part-1, dated 24th September 2010, namely :—

AMENDMENT

In the said notification, in the table for serial numbers 24 and 62 and entries relating thereto, the following serial

numbers and entries relating thereto shall be substituted, namely :—

S. No	Name of the Civil District	Name of Special Court	Name of the Judge of the Special Court
(1)	(2)	(3)	(4)
"24.	Datia	Ist Additional Sesstions Judge, Datia	Shri Jitendra Kumar Sharma, Additional Sessions Judge, Datia.
62	Morena	Additional Sesstions Judge, Sabalgarh	Shri Vivek Kumar Gupta, Additional Sesstions Judge, Sabalgarh, Morena."

फा. क्र. 17(ई)83-03-इक्कीस-ब (एक)-3119-2013.—विद्युत् अधिनियम, 2003 (2003 का 36) की धारा 153 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की सहमति से एतद्द्वारा, इस विभाग की अधिसूचना फा. क्र. 17(ई)-83-03-इक्कीस-ब(एक), दिनांक 16 सितम्बर 2010 में, जो मध्यप्रदेश राजपत्र भाग-1 में दिनांक 24 सितम्बर 2010 को प्रकाशित की गई थी, निम्नलिखित संशोधन करता है, अर्थात् :—

संशोधन

उक्त अधिसूचना में, सारणी में, अनुक्रमांक 24 एवं 62 तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित अनुक्रमांक तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियां स्थापित की जाएं, अर्थात् :—

सारणी

अनु-क्रमांक	सिविल जिले का नाम	विशेष न्यायालय का नाम	विशेष न्यायालय की क्षेत्रीय अधिकारिता (विद्युत् क्षेत्र के अनुसार)
(1)	(2)	(3)	(4)
"24.	दतिया	प्रथम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, दतिया	सिविल जिला दतिया का समस्त विद्युत् क्षेत्र (अनुक्रमांक 25 पर दी गई क्षेत्रीय अधिकारिता को छोड़कर)
62	मुरैना	अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, सबलगढ़	सबलगढ़ का विद्युत क्षेत्र."

टिप्पणी.—विशेष न्यायालय में लंबित मामले उनकी क्षेत्रीय अधिकारिता के अनुसार नवीन गठित न्यायालय में अंतरित हो जायेंगे.

F. No. 17(E)83-03-XXI-B(One)-3119-2013.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 153 of the Electricity Act, 2003 (No. 36 of 2003) the State Government, with the concurrence of the High Court of Madhya Pradesh, hereby makes the following amendments in this Depratment's Notification F. No. 17 (E) 83-03-XXI-B(1), dated 16th September 2010, which was published in the Madhya Pradesh Gazette, Part-1, dated 24th September 2010, namely :—

AMENDMENT

In the said notification, in the table, for serial numbers 24 and 62 and entries relating thereto, the following serial numbers and entries relating thereto shall be substituted, namely :—

TABLE

S. No	Name of the Civil District	Name of Special Court	Territorial Jurisdiction of Special Court (According to the electricity Area)
(1)	(2)	(3)	(4)
"24.	Datia	Ist Additional Sesstions Judge, Datia	All Electricity Area of Civil District, Datia (excluding the territorial jurisdiction given at serial number 25)
62	Morena	Additional Sesstions Judge, Sabalgarh	Electricity Area of Sabalgarh."

Note.—The pending cases of the Special Court shall be stand transferred to the only constituted court according to their territorial jurisdiction.

फा. क्र. 1-6-89-इक्कीस-ब-(एक)-3120-2013.—स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 (1985 का 61) की धारा 36 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, मध्यप्रदेश, उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति की सहमति से, एतद्द्वारा, इस विभाग की अधिसूचना फा. क्र. 1-6-89-इक्कीस-ब (एक), दिनांक 3 अप्रैल 1998 में, जो "मध्यप्रदेश राजपत्र" भाग-एक में दिनांक 17 अप्रैल 1998 को प्रकाशित हुई थी, निम्नलिखित और संशोधन करता है, अर्थात् :—

संशोधन

उक्त अधिसूचना में, अनुसूची में, अनुक्रमांक 52 तथा उससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित अनुक्रमांक तथा उससे संबंधित प्रविष्टियां स्थापित की जाएं, अर्थात्:—

अनु-क्रमांक	न्यायाधीश का नाम एवं पदनाम	विशेष न्यायालय का नाम	स्थानीय क्षेत्र/ सेशन खण्ड
(1)	(2)	(3)	(4)
"52.	श्री सी. पी. वर्मा, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, उमरिया.	उमरिया	उमरिया."

यह संशोधन उस तारीख से प्रवृत्त होगा जिसको कि इस अधिसूचना में यथाविनिर्दिष्ट न्यायाधीश उक्त न्यायालय में अपने पद का कार्यभार ग्रहण करें.

F. No. 1-6-89-XXI-B(1)-3120-2013.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of Section 36 of the Narcotic Drugs and Psychotropic Substances Act, 1985 (No. 61 of 1985), the State Government with the concurrence of the Chief Justice of the High Court of Madhya Pradesh, hereby, makes the following further amendment in this Department's Notification No. F. 1-6-89-XXI-B (I) dated 3rd April 1998, which was published in the Madhya Pradesh, Gazette Part-I, dated 17th April 1998, namely :—

AMENDMENT

In the said Notification, in the Schedule, for serial number 52 and entries relating thereto, the following serial numbers and entries relating thereto shall be substituted, namely:—

S. No.	Name and Designation of the Judge	Special Court	Local area/ Session Divisions
(1)	(2)	(3)	(4)
"52.	Shri C.P. Verma Additional Sessions Judge, Umaria	Umaria	Umaria

This amendment shall come into force from the date on which the judge as specified in this notification assumes the charge of his office in the said Court.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. डी. खान, प्रमुख सचिव.

भोपाल, दिनांक 23 जुलाई 2013

फा. क्र. 1(बी) 16-2004-इक्कीस-ब(दो).—राज्य शासन, इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 1 जुलाई 2004 के द्वारा श्री जगदीशचन्द्र माहेश्वरी, अति. शासकीय अभिभाषक/अति.लोक अभियोजक, बड़वाह, जिला खरगौन (मण्डलेश्वर) को नियुक्त किया गया था.

श्री जगदीशचन्द्र माहेश्वरी, अति. शासकीय अभिभाषक/अति.लोक अभियोजक, बड़वाह, जिला खरगौन (मण्डलेश्वर) की आयु 62 वर्ष पूर्ण होने के कारण उन्हें विधि विभाग नियमावली, 2008 के नियम 20 के अन्तर्गत आदेश जारी होने के दिनांक से तत्काल पदमुक्त करता है.

भोपाल, दिनांक 26 जुलाई 2013

फा. क्र. 1(सी)13-2013-इक्कीस-ब(दो).—दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्रमांक 52 सन् 1974) की धारा 24 की उपधारा (8) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये राज्य शासन एतद्द्वारा श्री चौधरी जोगेन्द्र सिंह, अधिवक्ता, नरसिंहपुर को विशेष पुलिस स्थापना, लोकायुक्त संगठन, जिला नरसिंहपुर के लंबित प्रकरणों में शासन की ओर से पैरवी करने हेतु 2 वर्ष की कालावधि के लिये विशेष लोक अभियोजक नियुक्त करता है.

श्री चौधरी जोगेन्द्र सिंह, अधिवक्ता नरसिंहपुर को इस विभाग के आदेश क्रमांक 17(ई)60-95-इक्कीस-ब(दो), दिनांक 3 अक्टूबर 2012 के अनुसार फीस का भुगतान प्रशासकीय विभाग द्वारा किया जावेगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जे. एम. चतुर्वेदी, सचिव.

संस्कृति विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 22 जुलाई 2013

क्र. एफ-11-12-2013-तीस.—राज्य शासन की यह राय है कि नीचे दी गई अनुसूची में विनिर्दिष्ट किये गये प्राचीन स्मारक पुरातत्वीय स्थल तथा अवशेष को विनिष्ट किये जाने, क्षतिग्रस्त किये जाने, परिवर्तित किये जाने, विरूपित किये जाने, हटाये जाने, तितर-बितर किये जाने या उसका अपक्षय होने से संरक्षित करना आवश्यक है.

(2) अतएव, मध्यप्रदेश एन्शीयेन्ट मान्युमेन्टस् एण्ड आर्क्योलॉजीकल साईट्स एण्ड रिमेन्स एक्ट, 1964 (क्रमांक 12, सन् 1964) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा दो माह पश्चात् उक्त प्राचीन स्मारक को राज्य संरक्षित स्मारक के रूप में घोषित करने के अपने आशय की सूचना देता है.

(3) किसी भी ऐसी आपत्ति पर जो इस संबंध में उक्त प्राचीन स्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष में हित रखने वाले किसी व्यक्ति से इस सूचना के "मध्यप्रदेश राजपत्र" में प्रकाशित होने के दिनांक से एक माह की कालावधि समाप्त होने के पूर्व प्राप्त हो, राज्य शासन द्वारा विचार किया जायेगा :—

अनुसूची

क्र.	राज्य	जिला	तहसील	स्थल	स्मारक का नाम	राजस्व खण्ड क्रमांक जिसे संरक्षण में सम्मिलित करना है	क्षेत्रफल (हे. में)	स्वामित्व	धार्मिक पूजा के अधीन है अथवा नहीं
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)
1	म. प्र.	विदिशा	सिरोंज	वरेन्डा	अंग्रेजों की कब्रें	प.ह.नं. 09/38	33 (खसरा) 11.988 (रकबा का क्षेत्रफल 0.100 है.	म. प्र. शासन	नहीं
2	म. प्र.	गुना	गुना	बजरंगढ़	राजमहल सोबत बजरंगढ़.	606	0.282	म. प्र. शासन	नहीं
3	म. प्र.	कटनी	रीठी	बिलहरी	तपसी मठ के समीप स्थित छत्री समूल (क्र. 1, 2, 3).	ख. नं. 1206	18.04	म. प्र. शासन	नहीं
4	म. प्र.	कटनी	रीठी	बिलहरी	नदी के रपट पास स्थित मंदिर.	ख. नं. 1248	1.06	भूमि स्वामी	नहीं
5	म. प्र.	कटनी	रीठी	बिलहरी	छत्रियों के पास स्थित मंदिर.	ख. नं. 1272/1 से 20 तक.	0.94	भूमि स्वामी	नहीं
6	म. प्र.	कटनी	रीठी	बिलहरी	शास. स्कूल परिसर में स्थित मंदिर समूह क्र. 1, 2, 3.	ख. नं. 1316	4.960	म. प्र. शासन	नहीं

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)
7	म. प्र.	कटनी	रीठी	बिलहरी	थाना परिसर में स्थित भग्नावशेष.	ख. नं. 1171/1	1.31	शासकीय आबादी म. प्र. शासन	नहीं
8	म. प्र.	कटनी	रीठी	बिलहरी	थानें के पास स्थित शिव मंदिर	ख. नं. 1171/1	1.31	शासकीय आबादी म. प्र. शासन	है.
9	म. प्र.	कटनी	रीठी	चिखला	काम कंडला मंदिर.	ख. नं. 380	46.11	म. प्र. शासन	नहीं
10	म. प्र.	अशोकनगर	चन्देरी	ग्राम-बेहटी.	बेहटी मठ	ख. नं. 109	425.072	म. प्र. शासन	नहीं
11	म. प्र.	अशोकनगर	चन्देरी	जागेश्वरी देवी चन्देरी	सागर छत्री	ख. नं. 807	0.219	म. प्र. शासन	नहीं
12	म. प्र.	अशोकनगर	चन्देरी	चन्देरी	पुरानी कचहरी	ख. नं. 789	0.042	म. प्र. शासन	नहीं
13	म. प्र.	अशोकनगर	चन्देरी	चन्देरी	नृसिंह मंदिर	ख. नं. 792	0.657	म. प्र. शासन	है.
14	म. प्र.	अशोकनगर	चन्देरी	परमेश्वरा ताल चन्देरी	भारत शाह की छत्री.	ख. नं. 604	0.084	म. प्र. शासन	नहीं
15	म. प्र.	अशोकनगर	चन्देरी	परमेश्वरा ताल चन्देरी	देवी सिंह की छत्री.	ख. नं. 607	0.021	म. प्र. शासन	नहीं
16	म. प्र.	अशोकनगर	चन्देरी	चन्देरी	अनिरुद्ध सिंह की छत्री.	ख. नं. 609/1016	0.021	म. प्र. शासन	नहीं
17	म. प्र.	अशोकनगर	चन्देरी	धुबया तालाब चन्देरी	बहादुर जू (दुर्जन सिंह की छत्री).	ख. नं. 858	0.125	म. प्र. शासन	नहीं
18	म. प्र.	अशोकनगर	चन्देरी	चन्देरी	हरकुण्ड की छत्री.	ख. नं. 925	0.146	म. प्र. शासन	नहीं
19	म. प्र.	अशोकनगर	चन्देरी	चन्देरी	पंचमढ़ी बावड़ी मस्जिद.	ख. नं. 131 132, 133	0.031, 063, 042	म. प्र. शासन	नहीं
20	म. प्र.	अशोकनगर	चन्देरी	काला पहाड़ चन्देरी	काले सैय्यद का मकबरा.	ख. नं. 770	3.753	म. प्र. शासन	नहीं
21	म. प्र.	अशोकनगर	चन्देरी	धुबया तालाब चन्देरी	सूफी संत का मकबरा.	ख. नं. 914	1.118	भूमि स्वामी	नहीं

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)
22	म. प्र.	अशोकनगर	चन्देरी	अट खम्भ चन्देरी	शेखों का मकबरा.	ख. नं. 76	1.359	म. प्र. शासन	है.
23	म. प्र.	अशोकनगर	चन्देरी	चन्देरी	दिल्ली दरवाजा	ख. नं. 760	0.219	म. प्र. शासन	नहीं
24	म. प्र.	अशोकनगर	चन्देरी	चन्देरी	ढोलिया दरवाजा कोट शहरपना.	ख. नं. 775 776/1, 777, 778	0.042 0.095 0.031 0.010	म. प्र. शासन	नहीं
25	म. प्र.	अशोकनगर	चन्देरी	चन्देरी	खिलजी सराय दरवाजा.	ख. नं. 10	77.633	म. प्र. शासन	नहीं
26	म. प्र.	अशोकनगर	चन्देरी	मेला ग्राउन्ड चन्देरी	मदरसा दरवाजा	ख. नं. 186	8.883	म. प्र. शासन	नहीं
27	म. प्र.	अशोकनगर	चन्देरी	ग्राम- फतेहाबाद	कुर्बानी चबूतरा	ख. नं. 05/ 01/01	48.537	म. प्र. शासन	नहीं
28	म. प्र.	अशोकनगर	चन्देरी	चन्देरी	ऊंटसार	ख. नं. 787	0.167	म. प्र. शासन	नहीं
29	म. प्र.	अशोकनगर	चन्देरी	ग्राम- फतेहाबाद	सुल्तानिया मस्जिद	ख. नं. 313	1.035	म. प्र. शासन	नहीं
30	म. प्र.	अशोकनगर	चन्देरी	हौज खास चन्देरी	झलारे के मझार-2, झलारे के मझार-1.	ख. नं. 575 557	0.073 0.460	म. प्र. शासन भूमि स्वामि	नहीं नहीं
31	म. प्र.	अशोकनगर	चन्देरी	चन्देरी	गोल बावड़ी मस्जिद	ख. नं. 896 888	0.031 11.756	म. प्र. शासन	नहीं
32	म. प्र.	अशोकनगर	चन्देरी	चन्देरी	हंसों की छत्री	ख. नं. 167	0.805	म. प्र. शासन	नहीं
33	म. प्र.	अशोकनगर	चन्देरी	चन्देरी	सूफी दरवाजा	ख. नं. 770	3.753	म. प्र. शासन	नहीं
34	म. प्र.	अशोकनगर	चन्देरी	हौज खास चन्देरी	छत्री हौज खास	ख. नं. 195	0.533	म. प्र. शासन	नहीं
35	म. प्र.	अशोकनगर	चन्देरी	चन्देरी	मूसा बावड़ी	ख. नं. 734	5.497	म. प्र. शासन	नहीं
36	म. प्र.	अशोकनगर	चन्देरी	चन्देरी	चकले की खिड़की (खारी बावड़ी).	ख. नं. 790	1.965	म. प्र. शासन	नहीं

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)
37	म. प्र.	अशोकनगर	चन्देरी	चन्देरी	काजी बावड़ी	ख. नं. 18, 19	0.084, 0.073	म. प्र. शासन	नहीं
38	म. प्र.	अशोकनगर	चन्देरी	ग्राम- फतेहाबाद	आलिया मस्जिद	ख. नं. 5/1/2	135.378	म. प्र. शासन	नहीं
39	म. प्र.	अशोकनगर	चन्देरी	दरगाह मरूहम शाह बिलायत परिसर चन्देरी	सूफी मकबरा खानकाह	ख. नं. 624	0.303	भूमि स्वामी	नहीं
40	म. प्र.	अशोकनगर	चन्देरी	ग्राम- फतेहाबाद	आलिया बावड़ी.	ख. नं. 412	0.021	म. प्र. शासन	नहीं
41	म. प्र.	छतरपुर	लौड़ी	बंजारी	पुरातत्व स्मारक सूर्य मंदिर.	ख. नं. 86	1.718	म. प्र. शासन	नहीं
42	म. प्र.	दतिया	दतिया	ग्राम चंकचंदैया	बावड़ी प्राचीन	ख.न. 87	0.022	म. प्र. शासन	है
43	म. प्र.	दतिया	दतिया	ग्राम सिरौल	बावड़ी देवस्थान.	ख.न. 1307, 1308, 1309	0.16, 0.14 0.17 कुल 0.47	म. प्र. शासन	नहीं
44	म. प्र.	दतिया	दतिया	अस्पताल परिसर के अन्दर	प्राचीन बावड़ी.	ख.नं. 1271	0.089	भूमि स्वामी	नहीं
45	म. प्र.	दतिया	इंदरगढ़	खरौआ	बेटी कुन्जा देवी मन्दिर	ख.नं. 48	1.070	म. प्र. शासन	है

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
विनोद कटेला, अपर सचिव.

विभाग प्रमुखों के आदेश

कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी
(मण्डी निर्वाचन) जिला इन्दौर (म. प्र.)
प्रशासनिक संकुल, कक्ष क्रमांक 211, द्वितीय तल, मोती तबेला, इन्दौर

इन्दौर, दिनांक 16 जुलाई 2013

क्र. 1207-मण्डी निर्वाचन 2013.—मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 के अनुसार मण्डी समिति के गठन के संदर्भ में धारा 11(1) की उपधारा 'घ' सांसद, विधान सभा सदस्य के प्रतिनिधियों को निम्न तालिका में उनके समक्ष दर्शित मण्डी समिति के सदस्य

नामनिर्दिष्ट किया जाता है, नामनिर्दिष्ट किये गये इन सदस्यों को मण्डी समिति के सम्मेलनों में सम्मिलित होने के लिये यथासमय आहूत किया जावे :—

अनुक्रमांक (1)	प्रतिनिधि मनोनीतकर्ता (2)	प्रतिनिधि का नाम व पता (3)	मण्डी का नाम (4)
1	श्रीमती सुमित्रा महाजन, सांसद	श्री सत्यनारायण आजाद, आजाद चौक, हातोद.	इन्दौर
2	श्री सत्यनारायण पटेल, विधायक	श्री द्वारका पिता बालमुकुन्द शारदाजी, ग्राम इन्दौर, धार रोड बेटमा, तह. देपालपुर, जिला इन्दौर.	गौतमपुरा (देपालपुर).

आकाश त्रिपाठी, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, (मण्डी).

कार्यालय, राज्यपाल का सचिवालय, मध्यप्रदेश, भोपाल

राजभवन, भोपाल, दिनांक 31 जुलाई 2013

क्र. एफ. 1-1-13-रा.स.-यू.ए.1-823.—मध्यप्रदेश विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 (क्र. 22 सन् 1973) की धारा 13 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कुलाधिपति, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर के द्वारा उक्त विश्वविद्यालय के नियमित कुलपति के पद पर नियुक्ति हेतु कम से कम तीन व्यक्तियों का पैनल अनुशंसित करने के लिये निम्नलिखित व्यक्तियों की समिति नियुक्त की गई है :—

(1)	डॉ. सुरंजन दास, कुलपति, कलकत्ता विश्वविद्यालय, कोलकता-700073(प.बं.).	समिति के चेयरमेन	कुलाधिपतिजी द्वारा नामांकित
(2)	प्रो. एच. देवराज, डी. एस. सी. न्यू. नं. 23/2, तृतीय मुख्य मार्ग, गांधी नगर, अडयार, चेन्नई-600020 (तमिलनाडू).	समिति के सदस्य	अध्यक्ष, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मनोनीत
(3)	सुश्री शीला खन्ना, सेवानिवृत्त न्यायाधीश, (म. प्र. उच्च न्यायालय), ए-3, बी.डी.ए. कालोनी, तुलसी नगर, भोपाल.	समिति के सदस्य	कार्यपरिषद् द्वारा निर्वाचित

2. कुलाधिपति के द्वारा डॉ. सुरंजन दास को उक्त समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है.

3. समिति इस अधिसूचना के प्रसारित होने की तिथि से छः सप्ताह की अवधि में पैनल प्रस्तुत करेगी.

कुलाधिपति, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर के आदेशानुसार,
विनोद सेमवाल, राज्यपाल के प्रमुख सचिव.

राज्य शासन के आदेश

राजस्व विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 31 जुलाई 2013

सूचना

क्र. एफ-1-6-2013-सात-शा.6.—मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 (क्रमांक 20 सन् 1959) की धारा 13 की उपधारा (2) के प्रतिबंध में निहित उपबंध के अनुसरण में, इसके द्वारा, यह सूचना दी जाती है कि उपरोक्त धारा की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, **नवीन तहसील घाटीगांव, जिला ग्वालियर** सृजित करने हेतु निम्न अनुसूची के कॉलम (5) में उल्लेखित किये गये अनुसार वर्तमान तहसील ग्वालियर, जिला ग्वालियर की सीमाओं को परिवर्तित करने, कॉलम (1) में दर्शाई प्रस्तावित तहसील जिसका प्रस्तावित मुख्यालय कॉलम (2) में दर्शाया गया है, को कॉलम (3) में दर्शायी गई वर्तमान तहसील के कॉलम (4) में दर्शाये गये परिवर्तन के प्रकार अनुसार उसकी स्थापना करने तथा उक्त अनुसूची के कॉलम (6) में उल्लेखित किये अनुसार तहसील की सीमाएं निर्धारित करने का प्रस्ताव करता है.

(2) "मध्यप्रदेश राजपत्र" में इस सूचना के प्रकाशन होने के दिनांक से 60 दिन समाप्त होने पर प्रस्ताव पर विचार किया जावेगा तथा इस संबंध में कोई भी आपत्तियां या सुझाव उक्त कालावधि की समाप्ति के पूर्व प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग को लिखित रूप में प्रेषित किये जा सकेंगे:—

अनुसूची

क्र.	प्रस्तावित तहसील	मुख्यालय	वर्तमान तहसील	परिवर्तन का स्वरूप	सीमाएं
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	घाटीगांव	घाटीगांव	ग्वालियर	वर्तमान तहसील ग्वालियर के राजस्व निरीक्षक मण्डल, रेहट के 7 पटवारी हल्के कुल ग्राम 25, राजस्व निरीक्षक मण्डल मोहना के 7 पटवारी हल्के कुल ग्राम 26, राजस्व निरीक्षक मण्डल घाटीगांव के 8 पटवारी हल्के कुल ग्राम 16 तथा राजस्व निरीक्षक मण्डल बरई के 9 पटवारी हल्के कुल ग्राम 28 इस प्रकार कुल 31 पटवारी हल्के के कुल 95 राजस्व ग्राम अपवर्जित होकर प्रस्तावित नवीन तहसील घाटीगांव में शामिल होंगे जिसका मुख्यालय घाटीगांव होगा.	**पूर्व में**—तहसील चीनौर एवं शेष तहसील ग्वालियर. **पश्चिम में**—तहसील जौरा **उत्तर में**—तहसील ग्वालियर एवं तहसील जौरा. **दक्षिण में**—तहसील शिवपुरी एवं तहसील भितरवार.
2	शेष ग्वालियर	ग्वालियर	ग्वालियर	वर्तमान तहसील ग्वालियर के राजस्व निरीक्षक मण्डल, रेहट के 7 पटवारी हल्के कुल ग्राम 25, राजस्व निरीक्षक मण्डल मोहना के 7 पटवारी हल्के कुल ग्राम 26, राजस्व निरीक्षक मण्डल घाटीगांव के 8 पटवारी हल्के कुल ग्राम 16 तथा राजस्व निरीक्षक मण्डल बरई के 9 पटवारी हल्के कुल ग्राम 28 इस प्रकार कुल 31 पटवारी हल्के के कुल 95 राजस्व ग्राम अपवर्जित होंगे इस प्रकार परिवर्तित तहसील ग्वालियर में कुल 128 पटवारी हल्के होंगे, जिनमें कुल 286 राजस्व ग्राम रहेंगे.	**पूर्व में**—तहसील सेवढ़ा एवं तहसील गोहद. **पश्चिम में**—प्रस्तावित तहसील घाटीगांव **उत्तर में**—तहसील मुरैना एवं तहसील गोहद. **दक्षिण में**—तहसील डबरा एवं चीनौर

(3) प्रस्तावित परिवर्तन यह सुनिश्चित करने की दृष्टि से किया जा रहा है कि क्षेत्र का प्रशासन समुचित एवं प्रभावी रूप से किया जा सके.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

अशोक गुप्ता, अपर सचिव.

राज्य शासन के आदेश
राजस्व विभाग

कार्यालय, कलेक्टर, जिला सिंगरौली, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

सिंगरौली, दिनांक 17 जुलाई 2013

क्र. 2009-भू-अर्जन-2013.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, सभी संबंधित व्यक्तियों को, इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है. राज्य शासन यह भी निर्देश देता है कि उक्त अधिनियम की धारा 5अ के उपबंध उक्त भूमि के संबंध में लागू होंगे :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 उपाधारा (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हे. में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
सिंगरौली	सरई	पिड़रा	11.520	निदेशक एम.पी.ए.एम.आर.एल. (मरकी-बरका) कोल कंपनी लिमि. तहसील सरई जिला-सिंगरौली म. प्र.	एम.पी.ए.एम.आर.एल. कोल कंपनी लिमि. के लिए कोल उत्खनन हेतु भूमि का अर्जन.

भूमि का नक्शा (प्लान) जिला भू-अर्जन अधिकारी/उपखण्ड अधिकारी, देवसर के कार्यालय में कार्यालयीन समय में देखा जा सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एम. सेलवेन्द्रन, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, प्रशासक, भू-अर्जन एवं पुनर्वास, बाणसागर परियोजना, जिला रीवा, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

रीवा, दिनांक 22 जुलाई 2013

क्र. 1666-भू-अर्जन-20.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इस संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को, इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लिखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों को प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है:—

अनुसूची

भूमि का विवरण				धारा 4 (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हे. में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
सीधी	सिहावल	रजहा टीकर	0.54	कार्यपालन यंत्री लोवर सिहावल नहर संभाग चुरहट जिला सीधी (म. प्र.).	सिहावल वितरक नहर क्र. 2 की हौदा माइनर की डिहुली सब माईनर के निर्माण हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण, प्रशासक, बाणसागर परियोजना, रीवा के कार्यालय में किया जा सकता है.

क्र. 1668-भू-अर्जन-20.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इस संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को, इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लिखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों को प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है:—

अनुसूची

भूमि का विवरण				धारा 4 (2) के अन्तर्गत	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हे. में)	प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
सीधी	सिहावल	डिहुली टीकर नं. 2.	0.10	कार्यपालन यंत्री लोवर सिहावल नहर संभाग चुरहट जिला सीधी (म. प्र.).	सिहावल वितरक नहर क्र. 2 की हौदा माइनर की डिहुली सब माईनर के निर्माण हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण, प्रशासक, बाणसागर परियोजना, रीवा के कार्यालय में किया जा सकता है.

पत्र क्र. 1670-भू-अर्जन-20.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इस संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को, इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लिखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों को प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है:—

अनुसूची

भूमि का विवरण				धारा 4 (2) के अन्तर्गत	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हे. में)	प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
सीधी	सिहावल	डिहुली टीकर नं. 3.	0.18	कार्यपालन यंत्री लोवर सिहावल नहर संभाग चुरहट जिला सीधी (म. प्र.).	सिहावल वितरक नहर क्र. 2 की हौदा माइनर की डिहुली सब माईनर के निर्माण हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण, प्रशासक, बाणसागर परियोजना, रीवा के कार्यालय में किया जा सकता है.

रीवा, दिनांक 25 जुलाई 2013

पत्र क्र. 1704-प्रका-भू-अर्जन.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इसमें संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में अर्जित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को, इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लिखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है:—

अनुसूची

भूमि का विवरण				धारा 4 (2) के अन्तर्गत	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हे. में)	प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
रीवा	जवा	भड़रा कोठार	20.200	कार्यपालन यंत्री, भू-अर्जन एवं पुनर्वास, संभाग क्र. 1, रीवा मुख्यालय त्यौंथर.	बाणसागर परियोजना के अन्तर्गत त्यौंथर फ्लो योजना के लिये बैलेंसिंग रिजरवायर एवं नहर निर्माण में आने वाली भूमि के लिए भूमि तथा उस पर स्थित सम्पत्तियों का अर्जन.

पत्र क्र. 1706-भू-प्रका.-भू-अर्जन.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में अर्जित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को, इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लिखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है:—

अनुसूची

भूमि का विवरण				धारा 4 (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हे. में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
रीवा	जवा	कोनीकला कोठार	13.500	कार्यपालन यंत्री, भू-अर्जन एवं पुनर्वास, संभाग क्र. 1, रीवा मुख्यालय त्यौंथर.	बाणसागर परियोजना के अन्तर्गत त्यौंथर फ्लो योजना के नहर निर्माण में आने वाली भूमि के लिए भूमि तथा उस पर स्थित सम्पत्तियों का अर्जन.

पत्र क्र. 1708-प्रका.-भू-अर्जन.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इसमें संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में अर्जित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को, इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है:—

अनुसूची

भूमि का विवरण				धारा 4 (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हे. में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
रीवा	जवा	रौली कोठार	1.650	कार्यपालन यंत्री, भू-अर्जन एवं पुनर्वास, संभाग क्र. 1, रीवा मुख्यालय त्यौंथर.	बाणसागर परियोजना के अन्तर्गत त्यौंथर फ्लो योजना के नहर निर्माण में आने वाली भूमि के लिए भूमि भूमि तथा उस पर स्थित सम्पत्तियों का अर्जन.

पत्र क्र. 1710-प्रका.भू-अर्जन.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इसमें संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में अर्जित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को, इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है:—

अनुसूची

भूमि का विवरण				धारा 4 (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हे. में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
रीवा	जवा	गड़हरा	7.560	कार्यपालन यंत्री, भू-अर्जन एवं पुनर्वास, संभाग क्र. 1, रीवा मुख्यालय त्यौंथर.	बाणसागर परियोजना के अन्तर्गत त्यौंथर फ्लो योजना के नहर निर्माण में आने वाली भूमि के लिए भूमि तथा उस पर स्थित सम्पत्तियों का अर्जन.

पत्र क्र. 1712-प्रका.-भू-अर्जन.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इसमें संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में अर्जित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को, इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है:—

अनुसूची

भूमि का विवरण				धारा 4 (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हे. में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
रीवा	जवा	पटहट कोठार	18.900	कार्यपालन यंत्री, भू-अर्जन एवं पुनर्वास, संभाग क्र. 1, रीवा मुख्यालय त्यौंथर.	बाणसागर परियोजना के अन्तर्गत त्यौंथर फ्लो योजना के नहर निर्माण में आने वाली भूमि के तथा उस पर स्थित सम्पत्तियों का अर्जन.

पत्र क्र. 1714-प्रका.-भू-अर्जन.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इसमें संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में अर्जित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को, इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है:—

अनुसूची

भूमि का विवरण				धारा 4 (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हे. में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
रीवा	जवा	देवखर कोठार	8.100	कार्यपालन यंत्री, भू-अर्जन एवं पुनर्वास, संभाग क्र. 1, रीवा मुख्यालय त्यौंथर.	बाणसागर परियोजना के अन्तर्गत त्यौंथर फ्लो योजना के नहर निर्माण में आने वाली भूमि के तथा उस पर स्थित सम्पत्तियों का अर्जन.

पत्र क्र. 1716-प्रका.भू-अर्जन.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इसमें संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में अर्जित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को, इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है:—

अनुसूची

भूमि का विवरण				धारा 4 (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हे. में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
रीवा	जवा	इटवॉ पैपखार	5.750	कार्यपालन यंत्री, भू-अर्जन एवं पुनर्वास, संभाग क्र. 1, रीवा मुख्यालय त्यौंथर.	बाणसागर परियोजना के अन्तर्गत त्यौंथर फ्लो योजना के लिये बैलेंसिंग रिजरवायर निर्माण में आने वाली भूमि के लिए भूमि तथा उस पर स्थित सम्पत्तियों का अर्जन.

पत्र क्र. 1718-प्रका.-भू-अर्जन.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इसमें संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में अर्जित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को, इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है:—

अनुसूची

भूमि का विवरण				धारा 4 (2) के अन्तर्गत	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हे. में)	प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
रीवा	सिरमौर	सिरमौर खास कोठार	2.840	कार्यपालन यंत्री, भू-अर्जन एवं पुनर्वास, संभाग क्र. 1, रीवा मुख्यालय त्यौंथर.	बाणसागर परियोजना के अन्तर्गत त्यौंथर फ्लो योजना के टनल एवं फीडर चैनल निर्माण में आने वाली भूमि के लिए तथा उस पर स्थित सम्पत्तियों का अर्जन.

